जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 31.12.2024

पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए 06 पुलिसकर्मियों के विदाई समारोह का आयोजन कर सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई

आज दिनांक 31.12.2024 को जनपद संतकबीरनगर में तैनात 1. निरी0ना0पु0 श्री कृष्णदेव सिंह 2. उ0नि0ना0पु0 श्री रामउग्रह 3. उ0नि0एल0आई0यू0 श्री प्रेमचन्द मिश्र 4. हे0का0ए0पी0 श्री नरेन्द्र सिंह 5. हे0का0डी0आर0 चन्द्रशेन त्रिपाठी 6. अनुचर श्री राममिलन सिंह अपनी-अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए । इस अवसर पर पुलिस लाइन संतकबीरनगर सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई व सम्मानपूर्वक सरकारी वाहनों में बैठाकर विदा किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सुशील कुमार सिंह*, प्रतिसार निरीक्षक ***श्री रजनीकांत ओझा*** सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 31.12.2024

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

- *थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना बखिरा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 6005 द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 6005 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत लेडुआ से कालर द्वारा बाइक और साईकिल में टक्कर होने से दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियो (1- विजय कुमार पुत्र जोगिन्दर ग्राम लेडुआ थाना बखिरा 2- परमिंदर पुत्र बहादुर ग्राम लोहरौली मिश्र थाना बेलहरकला जनपद सन्तकबीरनगर) के सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध में सूचना दिया । सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर उक्त घायलो को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सी0एच0सी मेंहदावल भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर सडक दुर्घटना में घायलो को ईलाज हेतु सी0एच0सी मेंहदावल भेजवाया गया । जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

***पीआरवी स्टाफ-* हे0का0 अमरेन्द्र कुमार, का0 राजकुमार कश्यप, हो0चा0 महेन्द्र यादव ।**

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 114 वाहनों से 1,23,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 31.12.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 114 वाहनों से 1,23,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 31.12.2024

थाना महुली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

जनपद में ***मिशन शक्ति अभियान*** के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा ***श्री अजय सिंह*** के निकट पर्यवेक्षण में ***थाना महुली पुलिस द्वारा*** मु0अ0स0 465/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता धर्मवीर पुत्र जोगिन्दर निवासी सड़हरा थाना महुली जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 21.12.2024 को थाना महुली पर वादिनी की पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना महुली पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन के आधार पर महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 31.12.2024 को अपहृता को बरामद करते हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण- उ0नि0 श्री राकेश कुमार गुप्ता, म0हे0का0 पुष्पा यादव।